संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– इन्दौर समाचार पृष्ठ 04 दिनांक 09/03/2021

# स्वच्छ रहें हम और शहर को अपने पूरा स्वच्छ बना दें

रतलाम। नए रवि की नई रश्मियां नई भोर के संग आई, उम्मीदों की सुखद लालिमा क्षितिज पास कैसी छाई। अंधकार के पर कतरे, मन पंछी बन उन्मुक्त हुई है। बुरे दौर के बुरे स्वपन से, सब प्राणी अब मुक्त हुए हैं। बीते कल की बीती बातें अपने मन से हम बिसरा दें, स्वच्छ रहें हम और रतलाम शहर को अपने पूरा स्वच्छ बना दें। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का आव्हान करने वाली उक्त रचना वरिष्ठ साहित्यकार श्री आशीष दशोत्तर ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत नगर पालिक निगम और अनुभूति संस्था के बैनर तले आयोजित काव्य गोष्ठी में प्रस्तुत की। श्री कालिका माता मंदिर परिसर स्थित नगर निगम के सांस्कृतिक मंच पर आयोजित काव्य गोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार हरीशंकर भटनागर, डॉ.मोहन परमार, संजय सरल और रामचन्द्र अम्बर आदि मौजूद रहे। इस मौके पर कवि हरिशंकर भटनागर ने अपनी कविता प्रस्तुत करते हुए पढ़ा कि रतलाम का फिर से इतिहास बनाना है। इस नगर को भारत में चमकाना है। ये नगर हमेशा से सुंदर कहलाता है। मालवा के हर मन को शुरु से बहलाता है। आओं मिलकर सब को अब स्वच्छ बनाना है। इस रतलाम नगर को भारत में हमको चमकाना है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.मोहन परमार ने रचना पाठ करते हुए पढ़ा कि मैं अपना घर आंगन साफ रखू तो कोई बात बने। तुम अपना घर आँगन साफ रखो तो कोई बात बने। फिर गली,मोहल्ले,नगर वाले प्रेरित होकर हम स्वच्छता को पोसे तो बात बने। हम सबके प्रयास से स्वच्छता पर्यावरण शुद्धता का संदेश संसार में जाए तो कोई बात बने। कवि रामचन्द्र अम्बर ने रचना पाठ करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया कि जन जन का आव्हान यही है, स्वच्छ रहे-स्वस्थ्य रहे, जन जन का मान यही है। स्वच्छ रहे सुंदर रहे हमारा रतलाम। स्वच्छता से शहर का हर कोना चमकेगा, हर जन स्वच्छता का संकल्प लेगा, बीमारियों से मुक्त हर जन रहेगा।

कवि संजय सरल ने रचना पाठ किया कि क्या तुमने महसूस की अपनों की पीड़ा ? तुम देख सकते हो अपनों की मौत? यदि नहीं तो क्यों करते हो वार अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी से । क्या तुमने सोचा है ? जब नहीं रहेंगे पेड़ तो तुम भी बच नही पाओगे। सोचो खूब सोचो पेड़ों के बारे में न सही अपने बारे में। नगरीयकरण से स्वच्छता बाधित हुई है स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश पर आयोजित काव्य गोष्ठी के साथ ही स्वच्छता विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन भी रखा गया। जिसमें साहित्यकारों ने हर तरह से स्वच्छता को जीवन की महती आवश्यकता बताया है। डॉ. मोहन परमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रारंभ से ही स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया है। पूर्व में गांव और कस्बे स्वच्छ और सुंदर हुआ करते थे। किन्तु बढ़ती आबादी और नगरीयकरण के कारण स्वच्छता तेजी से बाधित हुई है।

# 'स्वच्छता संकल्प देश का, हर रविवार विशेष सा'' के तहत महिलाओं को कचरा पृथक्कीकरण हेतु किया प्रेरित

रतलाम । भारत सरकार आवास और षहरी मंत्रालय के निर्देषानुसार प्रदेष के नगरीय निकायों में स्वच्छता से संबंधित जनअभियान के तहत साप्ताहिक मेगा ईवेंट ''स्वच्छता संकल्प देष का, हर रविवार विषेश सा'' के तहत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण हेतु जागरूक किये जाने के लिये विभिन्न गतिविधियों को आयोजन किया गया।




निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 सिर्फ नागरिक ही बना सकते है इस हेतु नागरिकों का जागरूक होना आवष्यक है। नगर के नागरिक अपने घरो से निकलने वाले गीले कचरे से अपने घर में ही जैविक खाद बनाकर कचरा उत्सर्जन स्थल पर ही कचरे का निश्पादन कर पेड़-पौधों के लिये लाभकारी जैविक खाद बना सकते है।

नगर निगम के अधिकारी, नगर निगम की स्वंय सेवी संस्था टीम आस्था के सदस्यों आदि ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को स्वच्छता षपथ दिलाई व वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाने में लगी स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को प्रषस्ती पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अलावा महिलाओं को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण के बारे में समझाया कि आप गीले कचरे अर्थात कीचन में बनी हुई खाद्य सामग्री, फल-सब्जी के छिलके, घांस व पेड़ की पत्तियां, राख, चाय पत्ती, बचा हुआ खाना आदि के लिये हरा डस्टबीन तथा सूखा कचरा अर्थात पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, षाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टूटे खिलौने, प्लास्टिक आदि के लिये नीला डस्टबीन अनिवार्य रूप से रखकर अपने वार्ड को जीरो वेस्ट वार्ड बनाने में अपना योगदान देवें।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार अग्निबाण –पृष्ठ 10 दिनांक 09/03/2021

चुनाव की तैयारी अंतिम चरण में, 12 मार्च के बाद घोषित हो सकती हैं तारीखें

# मप्र में नगरीय निकाय दो चरणों में और पंचायत चुनाव तीन दौर में होंगे



● भोपाल, अग्निबाण संवाददाता।

प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा और पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि प्रदेश में नगरीय निकाय के चुनाव दो और पंचायत चुनाव तीन चरणों में कराए जाएंगे। माना जा रहा है कि 12 मार्च के बाद चुनाव की तारीखों का ऐलान हो सकता है। इसको देखते हुए आयोग अंतिम चरण की तैयारियों में जुटा है।

बैठक में राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता शांतिपूर्ण चुनाव कराना है। चुनाव की घोषणा होते ही आचार संहिता प्रभावी हो जाएगी। इसके हिसाब से लिए पुलिस बल की तैनात की कार्ययोजना बनाई जाए। चुनाव की घोषणा होते ही आचार संहिता प्रभावी हो जाएगी। जितने भी अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र रहेंगे, उन सभी में वीडियो कैमरे लगवाए जाएंगे। पुलिस बल के इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई। साथ ही बताया गया कि पहली बार नामांकन-पत्र में गलत जानकारी देने पर छह महीने की सजा और 25 हजार रुपए के जुर्माने का प्रविधान रहेगा। निकाय चुनाव में सामान्य के साथ-साथ व्यय पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए जाएंगे।

**संवेदनशील बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें**- आयुक्त सिंह ने बैठक में निर्देश दिए हैं कि संवेदनशील बूथों (मतदान केंद्रों) पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। आयोग की तैयारी के मुताबिक अतिरिक्त संवेदनशील मतदान केंद्रों में वीडियो कैमरे लगवाए जाएंगे और संवेदनशील मतदान केंद्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। अतिरिक्त संवेदनशील मतदान केंद्रों में वीडियो कैमरे लगवाए जाएंगे और संवेदनशील मतदान केंद्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इसके लिए पुलिस बल का पर्याप्त इंतजाम रखा जाए। बैठक में आयोग के सचिव दुर्ग विजय सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आदर्श कटियार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। दूसरी तरफ नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि निकाय चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

अग्निबाण -9

# होली पर नहीं निकलेगी गैर और गोठ का आयोजन भी नहीं होगा

## शांति समिति की बैठक संपन्न



सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम

जिले में आगामी त्यौहारों का आयोजन कोरोना प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाएगा। संक्रमण से आमजन को बचाने के लिए लोगों के भीड़ के रूप में एकत्रीकरण को हतोत्साहित किया जाएगा। यह जानकारी कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में दी गई।

कलेक्टर ने बताया कि जिले में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए धारा 144 के तहत प्रतिबंध लागू किए गए है। जिले में मास्क उपयोग अनिवार्य करने के लिए सघन अभियान संचालित किया जाएगा। कलेक्टर ने बैठक में सदस्यों से कहा कि कोरोना का खतरा बरकरार है। यूएसए तथा यूके से आ रही कोरोना वेव खतरनाक सिद्ध हो सकती है, इसके लिए रोकथाम उपाय आवश्यक है। सभी लोग मास्क का उपयोग करे, सेनीटाइजर और 2 गज की दूरी का पालन करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार, एसडीएम एम.एल. आर्य, अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, शांति समिति सदस्य शैलेंद्र डागा, शहर काजी अहमद अली, प्रदीप उपाध्याय, मनोहर पोरवाल, महेंद्र गादिया, गोविंद काकानी, शरद जोशी, राजेश मूणत, जमील पटेल, एम.एल. नगावत, सलीम आरिफ, अशोक चौटाला, ओमप्रकाश त्रिवेदी आदि उपस्थित थे।

त्योहारों के दृष्टिगत कलेक्टर ने बताया कि प्रसादी वितरण नहीं किया जा सकेगा। होली पर गैर नहीं निकलेगी। गोठ का आयोजन नहीं होगा। त्योहारों पर प्रसाद प्रसादी वितरण नहीं होगा। किसी भी प्रकार की धार्मिक यात्रा, जुलुस के लिए अनुमति लेना होगी जिसके लिए परिस्थिति अनुसार प्रशासन विचार करेगा। होलिका दहन पर नवीन स्थल के लिए अनुमति लेना होगी, पुराने स्थलों पर डीजे माइक के लिए अनुमति लेना होगी।

बैठक में अपील की गई कि कोरोना से बचाव के लिए लोग रंग नहीं खेलें। सदस्यों द्वारा ध्यानाकर्षण पर पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने सीएसपी श्री चौहान को निर्देशित किया कि शहर में टू व्हीलर पर तीन सवारी अब दिखनी नहीं चाहिए। साथ ही तेज स्पीड में टू व्हीलर चलाने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें, उनको पकड़कर न्यायालयीन कार्रवाई की जाए। सिंघम-9

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार अग्निबाण --पृष्ठ 09 दिनांक 09/03/2021

# माहेश्वरी डिस्पोजल से 350 किलो पॉलीथीन जब्त, जुर्माना ठोका

## गंदगी करने व पॉलीथीन का उपयोग करने पर 10 व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन

• रतलाम

शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किये जाने के तहत कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा धानमण्डी स्थित माहेश्वरी डिस्पोजल पंहुचा जहां 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की 350 किलो पॉलीथीन पाई गई निर्देशानुसार 350 किलो पॉलीथीन को जब्त किया जाकर संबंधित पर 5000 का जुर्माना किया गया।

इसके अलावा ईमरान जावरा रोड, अमीन सागोद रोड पर 500-500, विजय त्रिपोलिया गेट पर 100, शारदाबाई बाजना बस स्टैण्ड व एक अन्य, अर्जून त्रिपोलिया गेट, शैलेन्द्र, राहुल व एक





अन्य सैलाना बस स्टैण्ड पर 50-50 रूपये का जुर्माना कर भविष्य में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग ना करने की समझाईश दी गई व लगभग 9 किलो पॉलीथीन जब्त की गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्र रतलाम में सब्जी, फल-फ्रुट व अन्य सामग्री के फुटकर व्यवसायी अगर 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग करते हैं तो उन पर 50 रूपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी। इसी तरह दुकानदारो द्वारा 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग व भण्डारण करता है तो उस पर 5000/- रूपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी।

# माहेश्वरी डिस्पोजल से 350 किलो पॉलीथीन जब्त


- 5000 रूपए का किया जुर्माना - गंदगी करने व पॉलीथीन का उपयोग करने पर 10 व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन

- 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग प्रतिबंधित - उपयोग व भण्डारण पर होगी जब्ती व लगेगा दण्ड

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किए जाने के तहत कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा धानमण्डी स्थित माहेश्वरी डिस्पोजल पहुंचा, जहां 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की 350 किलो पॉलीथीन पाई गई निर्देशानुसार 350 किलो पॉलीथीन को जब्त किया जाकर संबंधित पर 5000 का



जुर्माना किया गया।

इसके अलावा ईमरान जावरा रोड, अमीन सागोद रोड पर 500-500, विजय त्रिपोलिया गेट पर 100, शारदाबाई बाजना बस स्टैण्ड व एक अन्य, अर्जून त्रिपोलिया गेट, शैलेन्द्र, राहुल व एक अन्य सैलाना बस स्टैण्ड पर 50-50 रूपए का जुर्माना कर भविष्य में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग ना करने की समझाईश दी गई व लगभग 9 किलो पॉलीथीन जब्त की गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्र रतलाम में सब्जी, फल-फ्रुट व अन्य सामग्री के फुटकर व्यवसायी अगर 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग करते हैं, तो उन पर 50 रूपए का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जाएगी।

इसी तरह दुकानदारो द्वारा 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग व भण्डारण करता है, तो उस पर 5000/- रूपए का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जाएगी।

# द्विव्यांगजन व वृद्धजनों का विधायक सभागृह में डॉक्टरों ने किया परीक्षण

**रतलाम** । नगरीय क्षेत्र रतलाम के दिव्यांगजन को उपकरण एवं कृत्रिम अंग तथा वृद्धजनों को सहायक उपकरण प्रदाय किये जाने हेतु 07 मार्च रविवार को विधायक सभागृह में प्रातः 11:00 बजे से षिविर का आयोजन किया जिसमें 39 दिव्यांगजन व 21 वृद्धजनों का परीक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मिनाक्षी सिंह व एलमेको के डायरेक्टर श्री उमेष झालानी की उपस्थिति में किया गया है। आयोजित षिविर में उज्जैन से आई एलमेको की 9 सदस्य टीम द्वारा 39 द्विव्यांगजन व 21 वृद्धजनों का परीक्षण किया गया परीक्षण पष्चात पाये गये ऐसे द्विव्यांगजन व वृद्धजन जिन्हे कत्रिम अंग व उपकरण की आवष्यकता है प्रदान किये जायेंगे। षिविर में अस्थि रोग विषेशज्ञ चन्दन भारतीय, दंत रोग विषेशज्ञ डॉ0 भारत षर्मा, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ0 हितेष गायकवाड़ सहित स्टॉफ द्वारा द्विव्यांगज व वृद्धजनों का परीक्षण किया गया।

दैनिक - 9

# नगर निगम आवारा श्वानों की समस्या से निजात के लिए ठोस कार्य करें

## समय सीमा पत्रों की बैठक में कलेक्टर ने निगमायुक्त को दिए निर्देश

● रतलाम

**रतलाम शहर में नागरिकों को आवारा कुत्तों की समस्या से निजात दिलाने के लिए ठोस कार्य किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर गोपालचंद डाड ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिडे, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षी सिंह, एसडीएम एम.एल.आर्य, अभिषेक गहलोत तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।**




कलेक्टर ने कहा कि नगर निगम आवारा कुत्तों से मुक्ति के लिए बड़े आकार का एक बाड़ा बना सकता है जिसमें कुत्ते पकड़कर रखे जा सकते हैं। इसके अलावा अन्य विकल्पों पर भी निगम द्वारा विचार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक में की गई। सीमांकन के लंबित प्रकरणों पर चिंता व्यक्त करते हुए कलेक्टर द्वारा सभी तहसीलदारों को आगामी 15 मार्च से पूर्व शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए गए। बताया गया कि नगर निगम की सीएम हेल्पलाइन में 40 प्रतिशत शिकायतें सफाई संबंधी हैं। कलेक्टर ने संतुष्टिपूर्वक निराकरण के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि शासन द्वारा सभी विभागों की राज्यस्तरीय रैंकिंग शुरू की गई है, सभी अधिकारी अपने विभाग की राज्य स्तर पर सम्मानजनक रैंकिंग के लिए सतत कार्य करते रहें। प्रभारी सहायक आयुक्त एम.एल.आर्य ने बताया कि जनजाति कार्य विभाग के तहत आवास भत्ता राशि जारी कर दी गई है जिन बैंक खाता नंबरों में त्रुटि है उनको सुधारकर इसी सप्ताह में राशि जारी कर दी जाएगी। आगामी नगरीय निकाय तथा पंचायत निर्वाचन के संदर्भ में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निर्वाचन मोड में आ जाएं। अधिकारी अपने वाहन दुरुस्त अवस्था में रखें, जिन कर्मचारियों की निर्वाचन में ड्यूटी लगे उनको ड्यूटी के लिए अनिवार्य रिलीव करें। मतदान केंद्रों की स्थिति देख ले, वहां तक पहुंच मार्ग का जायजा ले ले। मोबाइल नेटवर्क पता कर ले, शीघ्र ही रिटर्निंग, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की जा रही है।

..दिनांक 10/03/ ...2021

# साधन उपलब्ध कराते हुए सम्मानित किया

...स पर
...को जयपुर

...व महिला थाना ...नेशनल संस्थान ...दिवस के अवसर



...शोक चौहान ...न आईपीएस ...ल डिसीपी थे ...कार्यक्रम मे ...).कैंट तान्या ...रिका), रानिया ...नाम), सीमा ...व, मिनाक्षी ...-अपने कार्य ...किया गया। ...को कपडे,

## देश और समाज महिलाओं का सदैव ऋणी रहेगा



रतलाम। महिलाएं देश और समाज की आत्मा है जिस प्रकार बिना आत्मा की किसी शरीर की कल्पना नहीं की जा सकती उसी प्रकार महिलाओं के बिना देश और समाज का निर्माण असंभव है । देश और समाज की प्रगति में महिलाओं का योगदान अतुलनीय है सामाजिक विचारिक और सांस्कृतिक समृद्धि के लिए देश और समाज महिलाओं का सदैव ऋणी रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रसिद्ध समाजसेवी एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.सुलोचना शर्मा ने कहा कि नारी को दो मोर्चे पर अपने दायित्वों का निर्वाह करना पड़ता है घर परिवार के अपने कर्तव्यों के साथ साथ समाज और देश के नवनिर्माण में योगदान देकर वह सर्वत्र सम्मान के योग्य बन जाती है आज समाज ने महिलाओं की भूमिका को स्वीकार किया है देव काल से लेकर प्रचलित प्रथाओं ने नारी की भूमिका को फिर से नए रूप में स्वीकार किया है जो हमारे समाज के लिए अत्यंत लाभदायक है। इस अवसर पर शिक्षाविद पूर्व प्राचार्य ओ.पी.मिश्रा, लायंस क्लब के गोपाल जोशी, कृष्णचंद ठाकुर, राधेश्याम तोमड़े, श्याम सुंदर भाटी, वीरेंद्र केथवास, दिलीप वर्मा, रमेश उपाध्याय, दशरथ जोशी, बीके जोशी, मनोहर लाल जैन, नीरज सुरोलिया, दिनेश कुमार, कुलदीप त्रिवेदी, व्याख्याता सुधीर गुप्ता, रमेश चंद परमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन रक्षा के कुमार तथा आभार आरती त्रिवेदी ने व्यक्त किया ।

## महिला मोर्चा ने किया पदमश्री डॉ.जोशी का सम्मान



रतलाम। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य मे पदम श्री से सम्मानित डॉ.लीला जोशी का स्वागत सम्मान भाजपा महिला मोर्चा पर किया गया। लीला जोशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाएं बहुत सशक्त है व अपनी शक्ति को ना भूले। उनकी मुख्य शक्ति मातृत्व की शक्ति है क्योंकि माता ही बच्चों को अच्छे संस्कार दे सकती है। महिला थाना प्रभारी व महिला पुलिसकर्मियों का भी माला पहनाकर व गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। जिसमें महिला मोर्चा जिला महामंत्री श्रीमती मनीषा शर्मा,अध्यक्ष श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव, मंडल उपाध्यक्ष चेतना पाटीदार, सैलाना पूर्व पार्षद रजनी पाटीदार, सारिका दिक्षित, कृष्णा प्रजापत, सोनू नेका, ज्योति सालवी मीना टांक, सरोज गुप्ता, अनीता वसावा, दुर्गा पावाल, प्रतिभा आदि महिलाएं उपस्थित रही।

**मिनी स्मार्ट सिटी योजना में बड़ा बदलाव** • एक भी चौराहे का सौंदर्यीकरण नहीं, 10 की जगह 2 एलईडी ही

# स्टेशन रोड से सज्जन चौराहा व बाजना बस स्टैंड से आबकारी तक रोड प्रोजेक्ट से बाहर


## पुलिया चौड़ीकरण शामिल करने से बढ़ी लागत से किया बदलाव

भास्कर संवाददाता | रतलाम

काम शुरू होने के बाद सवा साल से अधूरे पड़े मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की योजना में बड़ा बदलाव हो गया है। आठ सड़कों में से स्टेशन रोड से महाराजा सज्जन सिंह चौराहा तक और बाजना बस स्टैंड से आबकारी चौराह तक की सड़क प्रोजेक्ट से बाहर कर दी गई है।

आनंद कॉलोनी रोड की लंबाई 1120 मीटर और लोकेंद्र टॉकिज रोड की लंबाई 270 मीटर घटा दी गई है। अब आनंद कॉलोनी रोड सिर्फ कालिका माता पुलिया तक 280 मीटर व लोकेंद्र टॉकिज रोड सैलाना बस स्टैंड से लोकेंद्र टॉकिज तक 270 मीटर लंबी ही बनेगी। इन दो सहित तीन अन्य सड़कों को 7 की जगह 12 मीटर चौड़ा बनाकर दोनों तरफ फुटपाथ, ड्रेन के साथ डिवाइडर में सेंट्रल लाइटिंग भी लगेगी। इन 5 सड़कों को डामर की जगह सीसी का बनाने, 5 मीटर चौड़ाई बढ़ाने और पुलिया चौड़ीकरण शामिल करने के कारण प्रोजेक्ट कास्ट मंजूर 25 करोड़ से अधिक जा रही थी।

### उंकाला रोड की साइडिंग का काम शुरू



पांच महीने बाद ठेकेदार कंपनी ने फिर काम शुरू कर दिया है। फिलहाल उंकाला रोड पर साइडिंग की खुदाई कर भराव किया जा रहा है। इसे पहले आधी डामर और आधी सीसी की बनाई जाना थी। अब 15 मीटर की चौड़ी करके पूरी सीसी की बनाया जाएगा। सबसे पहले बनना शुरू हुई कृषि उपज मंडी से फव्वारा चौक तक की सड़क का काम 90 फीसदी पूरा हो गया है। शास्त्रीनगर नगर की नपती हो गई है।

### कहां क्या होगा : प्रोजेक्ट की इन पांच सड़कों की योजना बदली

**शास्त्रीनगर मुख्य मार्ग - पॉवर हाउस तिराहा से न्यू रोड तिराहा**
- **चौड़ाई** - 12 मीटर बनेगा, पहले 7 मीटर बनना था।
- **लंबाई** - 580 मीटर, कोई बदलाव नहीं
- **अन्य बदलाव** - शास्त्री नगर पुलिया को भी 12 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा।

**उंकाला रोड -बजरंगनगर तक**
- **चौड़ाई** - 12 मीटर का रोड व 3 मीटर में फुटपाथ बनेगा, पहले 7 मीटर बनना था।
- **लंबाई** - 1480 मीटर, पहले की तरह
- **अन्य बदलाव** - मंदिर के पास वाली पुलिया को चौड़ा कर 12 मीटर का बनाएगा।

**जवाहर नगर रोड - जूनियर रेलवे इंस्टिट्यूट तक**
- **चौड़ाई** - 7 से बढ़ा 12मीटर
- **लंबाई** - 1350 मीटर, पहले की तरह
- **अन्य बदलाव** - 2.47 करोड़ से चौड़ीकरण, कई जगह पर रिपेयरिंग, स्ट्रीट लाइट की केवल अंडरग्राउंड करेंगे। अब साइड लाइटिंग होगी।

**आनंद कॉलोनी रोड -शेरानीपुरा जमात खाना**
- **लंबाई** - अब सिर्फ 280 मीटर लंबी बनेगी, पहले तलैया शेरानीपुरा जमातखाना तक 1400 मीटर लंबी बनना थी।
- **चौड़ाई** - 7 की जगह 14 मीटर चौड़ी होगी
- **अन्य बदलाव** - कालिकामाता पुलिया 14 मीटर चौड़ा होगी। सेंट्रल लाइटिंग भी होगी।

**सैलाना बस स्टैंड-लोकेंद्र टॉकिज रोड**
- **लंबाई** - सैलाना बस स्टैंड से लोकेंद्र टॉकिज तक 270 मीटर सीसी बनेगी, पहले मानव सेवा समिति तिराहा तक 540 मी होना था।
- **चौड़ाई** - 7 से बढ़ाकर 12 मीटर की गई है।
- **अन्य बदलाव** - फुटपाथ व ड्रेन के साथ डिवाइडर बनाकर सेंट्रल लाइटिंग लगाएंगे।

### ये काम हुए प्रोजेक्ट से बाहर

- **सड़क** - स्टेशन रोड से दिलबहार चौराहा-महाराजा सज्जन सिंह चौराहा तक और बाजना बस स्टैंड-अमृतसागर गार्डन-त्रिपोलिया गेट-चांदनीचौक-आबकारी चौराहा तक।
- **चौराहा विकास** - एक भी चौराहा का सौंदर्यीकरण नहीं किया जाएगा।
- **अमृत सागर तालाब सौंदर्यीकरण** - अब 22.84 करोड़ से झील संरक्षण योजना में होना है, जिसका काम शुरू होने वाला है, इसलिए मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से हटा दिया गया।

*5 सड़कें 7 की बजाय 12 मीटर चौड़ी सीसी बनेगी। इसमें तीन पुलियाओं को चौड़ी करेंगे। इस वजह से प्रोजेक्ट कास्ट बढ़ रही थी, इसलिए 8 में से 2 सड़क तथा चौराहा व अमृत सागर सौंदर्यीकरण ड्रॉप किया है।*
**अमन खंडेलवाल,**
इंजीनियर-एमपीयूडीसी

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर पालिक निगम ने किए विभिन्न आयोजन

**- रैग पिकर्स महिलाओं को सुरक्षा साधन उपलब्ध कराते हुए सम्मानित किया गया - मुख्यमंत्री शिवराजसिंह जी चौहान के उद्बोधन को देखा व सुना**

प्रतारण न्यूज * रतलाम

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर नगर पालिक निगम ने महिलाओं के सम्मान में अनेक आयोजन किए। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश और मार्गदर्शन में आज सुबह जहां एक और स्वच्छता दौड़ में सैकड़ों खिलाड़ियों ने नगर के प्रमुख मार्गों पर स्वच्छता का संदेश दिया वही शाम को नारी शक्ति के सम्मान को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर रैग पिकर्स सहित यहां मौजूद महिलाओं को आदर पूर्वक सम्मान किया गया।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान द्वारा भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दिये उद्बोधन का सीधा प्रसारण नगर निगम सभागृह में किया गया, जिसे निगम अधिकारी, कर्मचारी, सफाई संरक्षक, स्व-सहायता समूह व रैग पिकर्स महिलाओं ने देखा व सुना।

नगर निगम सभागृह में नारी शक्ति के सम्मान में विशेष आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छता दीदी, रिंग पिकर्स, महिला अधिकारी-कर्मचारी और सफाई संरक्षक बहने मौजूद रही।




उपायुक्त विकास सोलंकी, श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी.सिंह, स्वच्छता कनसलटेंट प्रतीक मिश्रा, उपयंत्री अनवर कुरेशी, सिटी मैनेजर कपील मारोठिया, नितिन तिवारी उपस्थित में आयोजित इस नारी सम्मान समारोह में आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा कि प्राचीन भारत में नारी के सम्मान की बात को देवताओं के वास से जोड़ा गया था।

यदि सभी लोग सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के साथ जुड़ेंगे तो हम लोग नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़े कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में सफल होंगे। श्री झारिया ने कहा कि जहां नारी होती है वहां अनुशासन रहता है। आज की नारी किसी भी कार्य को करने में पीछे नही रहती है। अगर वो ठान ले तो पहाड़ से भी रास्ता निकाल सकती है। आयुक्त ने यहां मौजूद माता-बहनों से रतलाम शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत नम्बर-1 बनाने का आव्हान करते हुए कहा कि शहर का नाम देश में ऊंचा होगा तो पूरे शहर का मान बढ़ेगा। इसलिए सभी सकारात्मक भाव से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के प्रयास जारी रखे।

**महिलाओं को सम्मानित किया गया :** नारी सम्मान के लिए आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता दीदी, रिंग पिकर्स, स्वयं सहायता समूह की सदस्यों और निगम कर्मी महिलाओं का सम्मान प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। रिंग पिकर्स महिलाओं को कचरा पृथ्कीकरण के दौरान उपयोग में आने वाले सुरक्षा साधन एप्रीन, गम बूट, कैप, हैण्ड ग्लब्स, साड़ी आदि का वितरण किया गया।

**दौड़ कर बताया स्वच्छता का महत्व :** सांईस एण्ड आर्टस कॉलेज मैदान में मैराथन दौड़ का आयोजन रखा गया, जिसमें शामिल सैकड़ों खिलाड़ियों ने दौड़ कर शहर के विभिन्न मार्गों पर नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

संकलन--नगर निगम, रतलाम अखबार--स्वदेश----पृष्ठ 05 दिनांक 10/03/2021




रतलाम ● स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत रतलाम शहर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने के तहत विभिन्न कार्यों के साथ नगर के विभिन्न स्थानों पर वॉल पेंटिंग का कार्य किया जा रहा है। इसी कार्य के तहत जिसके तहत पावर हाउस रोड स्थित रेलवे की बाउण्ड्रीवॉल पर वॉल पेंटिंग से सुन्दर ट्रेन बनाई गई जिसका अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इसका नामाकरण पद्मश्री डॉ. लीला जोशी के नाम पर डॉ. लीला जोशी एक्सप्रेस रखा गया है। स्वदेश

## स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शहरभर में हुए आयोजन

रतलाम। स्वच्छता जागरुकता को लेकर रविवार का दिन खास रहा। स्वच्छता संकल्प देश का हर रविवार विशेष आयोजनों के तहत शहर के वार्डों में स्वच्छता जागरुकता रथ के माध्यम से विभिन्न वार्डों में नुक्कड़ नाटिका, स्वच्छता शपथ सहित आधा दर्जन से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश पर सुबह स्वच्छता जागरुकता रथ तैयार कर इसके माध्यम से वार्डों में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री श्री मनीष तिवारी, मोनिका चौहान और श्री शैलेन्द्र गोठवाल आदि उपस्थित रहे। स्वदेश

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ 11 दिनांक 09/03/2021

## कलेक्टर कान्फ्रेंस तैयारियों के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा आगामी 10 मार्च को ली जाने वाली कलेक्टर कॉन्फ्रेंस के लिए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा अधिकारियों को दिशा-निर्देशित किया गया। समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को कलेक्टर कान्फ्रेंस के एजेंडा अनुसार जानकारी देने के लिए निर्देशित किया गया।


## कलेक्टर कान्फ्रेंस तैयारियों के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा आगामी 10 मार्च को ली जाने वाली कलेक्टर कॉन्फ्रेंस के लिए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा अधिकारियों को दिशा-निर्देशित किया गया। समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को कलेक्टर कान्फ्रेंस के एजेंडा अनुसार जानकारी देने के लिए निर्देशित किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर न.पा. ने.किए विभिन्न आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर नगर पालिक निगम ने महिलाओं के सम्मान में अनेक आयोजन किए। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश और मार्गदर्शन में आज सुबह जहां एक और स्वच्छता दौड़ में सैकड़ों खिलाड़ियों ने नगर के प्रमुख मार्गों पर स्वच्छता का संदेश दिया वही शाम को नारी शक्ति के सम्मान को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर रैग पिकर्स सहित यहां मौजूद महिलाओं को आदर पूर्वक सम्मान किया गया।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान द्वारा भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दिये उद्बोधन का सीधा प्रसारण नगर निगम सभागृह में किया गया जिसे निगम अधिकारी, कर्मचारी, सफाई संरक्षक, स्व सहायता समूह व रैग पिकर्स महिलाओं ने देखा व सुना।

नगर निगम सभागृह में नारी शक्ति के सम्मान में विशेष आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छता दीदी, रिंग पिकर्स, महिला अधिकारी-कर्मचारी और सफाई संरक्षक बहने मौजूद रही। उपायुक्त विकास सोलंकी, श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी.सिंह, स्वच्छता कनसलटेंट प्रतीक मिश्रा, उपयंत्री अनवर कुरेशी, सिटी मैनेजर कपील मारोठिया, नितिन तिवारी उपस्थित में आयोजित इस नारी सम्मान समारोह में आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा कि प्राचीन भारत में नारी के सम्मान की बात को देवताओं के वास से जोड़ा गया था। यदि सभी लोग सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के साथ जुड़ेंगे तो हम लोग नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़े कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में सफल होंगे। श्री झारिया ने कहा कि जहां नारी होती है वहां अनुशासन रहता है। आज की नारी किसी भी कार्य को करने में पीछे नही रहती है। अगर वो ठान ले तो पहाड़ से भी रास्ता निकाल सकती है। आयुक्त ने यहां मौजूद माता-बहनों से रतलाम शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत नम्बर-1 बनाने का आव्हान करते हुए कहा कि शहर का नाम देश में ऊंचा होगा तो पूरे शहर का मान बढ़ेगा। इसलिए सभी सकारात्मक भाव से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के प्रयास जारी रखे।

## महिलाओं को सम्मानित किया गया

नारी सम्मान के लिए आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता दीदी, रिंग पिकर्स, स्वयं सहायता समूह की सदस्यों और निगम कर्मी महिलाओं का सम्मान प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। रिंग पिकर्स महिलाओं को कचरा पृथ्कीकरण के दौरान उपयोग में आने वाले सुरक्षा साधन एप्रीन, गम बूट, कैप, हैण्ड ग्लब्स, साड़ी आदि का वितरण किया गया।

## दौड़ कर बताया स्वच्छता का महत्व

साईस एण्ड आर्टस कालेज मैदान में मैराथन दौड़ का आयोजन रखा गया जिसमें शामिल सैकड़ों खिलाड़ियों ने दौड़ कर शहर के विभिन्न मार्गों पर नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। अवन्तिका

संकलन—नगर निगम, रतलाम अखबार—अवन्तिका—पृष्ठ 08 दिनांक 10/03/2021

# नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन प्रतिबंधित

## गंदगी करने व पॉलीथीन का उपयोग करने पर दस व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किये जाने के तहत कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुमनि की कार्यवाही की जा रही है।

नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा धानमण्डी स्थित माहेश्वरी डिस्पोजल पहुंचा जहां 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की 350 किलो पॉलीथीन पाई गई निर्देशानुसार 350 किलो पॉलीथीन को जब्त किया जाकर संबंधित पर पांच हजार का जुर्माना किया गया।

इसके अलावा ईमरान जावरा रोड, अमीन सागोद रोड पर 500-500, विजय त्रिपोलिया गेट पर 100, शारदाबाई बाजना बस स्टैण्ड व एक अन्य, अर्जुन त्रिपोलिया गेट, शैलेन्द्र, राहुल व एक अन्य सैलाना बस स्टैण्ड पर 50-50 रुपए का जुर्माना कर भविष्य में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग ना करने की समझाईश दी गई व लगभग 9 किलो पॉलीथीन जब्त की गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्र रतलाम में सब्जी, फल-फ्रुट व अन्य सामग्री के फुटकर व्यवसायी अगर 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग करते हैं तो उन पर 50 रुपए का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी। इसी तरह दुकानदारों द्वारा 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग व भण्डारण करता है तो उस पर पांच हजार रुपए का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी। अवन्तिका

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 17 दिनांक 1

# रैग पिकर्स महिलाओं को सुरक्षा साध



रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर नगर पालिक निगम ने महिलाओं के सम्मान में अनेक आयोजन किए। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश और मार्गदर्शन में जहां एक और स्वच्छता दौड़ में सैकड़ों खिलाड़ियों ने नगर के प्रमुख मार्गों पर स्वच्छता का संदेश दिया वही शाम को नारी शक्ति के सम्मान को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर रैग पिकर्स सहित यहां मौजूद महिलाओं को आदर पूर्वक सम्मान किया गया।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दिये उद्बोधन का सीधा प्रसारण नगर निगम सभागृह में किया गया जिसे निगम अधिकारी, कर्मचारी, सफाई संरक्षक, स्व सहायता समूह व रैग पिकर्स महिलाओं ने देखा व सुना। नगर निगम सभागृह में सोमवार शाम नारी शक्ति के सम्मान में विशेष आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छता दीदी, रिंग पिकर्स, महिला अधिकारी-कर्मचारी और सफाई संरक्षक बहने मौजूद रही।

## महिलाओं को सम्मानित किया गया

नारी सम्मान के लिए आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता दीदी, रिंग पिकर्स, स्वयं सहायता समूह की सदस्यों और निगम कर्मी महिलाओं का सम्मान प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। रिंग पिकर्स महिलाओं को कचरा पृथक्कीकरण के दौरान उपयोग में आने वाले सुरक्षा साधन एप्रीन, गम बूट, कैप, हैण्ड ग्लव्स, साड़ी आदि का वितरण किया गया।

## अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर एडीपीओ सीमा शर्मा को जयपुर में सम्मानित किया



रतलाम। जीवन ज्योति संस्थान एवं महिला थाना जयपुर ईस्ट एवं क्रिटि गंक्रिप इंटरनेशनल संस्थान के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अवॉर्ड समारोह का आयोजन महिला थाना गांधीनगर जयपुर में किया किया गया। एकता राज महिला थाना प्रभारी एवं जीवन ज्योति संस्थान के चेयरमैन पवन एंचारा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अभिजीत सिंह आईपीएस डीसीपी इस्ट,अशोक चौहान एडिशनल एसपी इस्ट, अमृता दुहान आईपीएस डीसीपी हेडक्वार्टर, सुनीता मीणा एडिशनल डिसीपी थे एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में डा.सुप्रिया पाठक, वासिता काउ (ग्रीस),कैट तान्या लोह (सिंगापुर), डा.रेडी डि वार्ड (अमेरिका), रानिया लेमपाओ(ग्रीस), नगोक गुयेन (वियतनाम), सीमा शर्मा एडीपीओ रतलाम, अलका भार्गव, मिनाक्षी नरूला, तेजस्वनी नरूरकार को अपने-अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल की बच्चियों को कपडे, पुस्तकें आदि गिफ्ट भी प्रदान किये गए।

2/5

# नगर निगम आवारा कुत्तों की समस्या से निजात के लिए ठोस कार्य करें

रतलाम। रतलाम शहर में नागरिकों को आवारा कुत्तों की समस्या से निजात दिलाने के लिए ठोस कार्य किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड ने निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षी सिंह, एसडीएम एम.एल. आर्य, अभिषेक गहलोत तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

क[illegible] कि [illegible]र निगम आवारा कुत्तों से मुक्ति के लिए बड़े आकार का एक बाड़ा बना सकता है जिसमें कुत्ते पकड़कर रखे जा सकते हैं। इसके अलावा अन्य विकल्पों पर भी निगम द्वारा विचार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक में की गई। सीमांकन के लंबित प्रकरणों पर चिंता व्यक्त करते हुए कलेक्टर द्वारा



समय सीमा पत्रों की बैठक में कलेक्टर ने निगमायुक्त को दिए निर्देश

सभी तहसीलदारों को आगामी 15 मार्च से पूर्व शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए गए। बताया गया कि नगर निगम की सीएम हेल्पलाइन में 40 प्रतिशत शिकायतें सफाई संबंधी हैं। कलेक्टर ने संतुष्टिपूर्वक निराकरण के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि शासन द्वारा सभी विभागों की राज्यस्तरीय रैंकिंग शुरू की गई है, सभी अधिकारी अपने विभाग की राज्य स्तर पर सम्मानजनक रैंकिंग के लिए सतत कार्य करते रहें। प्रभारी सहायक आयुक्त एम.एल. आर्य ने बताया कि जनजाति कार्य विभाग के तहत आवास भत्ता राशि जारी कर दी गई है जिन बैंक खाता नंबरों में त्रुटि है उनको सुधारकर इसी सप्ताह में राशि जारी कर दी जाएगी। आगामी नगरीय निकाय तथा पंचायत निर्वाचन के संदर्भ में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निर्वाचन मोड में आ जाएं। अधिकारी अपने वाहन दुरुस्त अवस्था में रखें, जिन कर्मचारियों की निर्वाचन में ड्यूटी लगे उनको ड्यूटी के लिए अनिवार्य रिलीव करें। मतदान केंद्रों की स्थिति देख ले, वहां तक पहुंच मार्ग का जायजा ले ले। मोबाइल नेटवर्क पता कर ले, शीघ्र ही रिटर्निंग, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की जा रही है। उपसंचालक कृषि मोरनिया ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में जिन किसानों के प्रीमियम काटे गए हैं परंतु बैंकों द्वारा एंट्री छूट गई है उसके लिए शासन द्वारा पोर्टल खोला गया है। पोर्टल पर 90 प्रतिशत कार्य हो चुका है, मात्र पंजाब नेशनल बैंक तथा सहकारी बैंक का कुछ कार्य बाकी है।

इन्दौर 9

# नगर निगम आवारा कुत्तों की समस्या से निजात के लिए ठोस कार्य करें

**रतलाम** । रतलाम शहर में नागरिकों को आवारा कुत्तों की



समस्या से निजात दिलाने के लिए ठोस कार्य किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड ने निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षी सिंह, एसडीएम श्री एम.एल. आर्य, श्री अभिषेक गहलोत तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि नगर निगम आवारा कुत्तों से मुक्ति के लिए बड़े आकार का एक बाड़ा बना सकता है जिसमें कुत्ते पकड़कर रखे जा सकते हैं। इसके अलावा अन्य विकल्पों पर भी निगम द्वारा विचार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक में की गई। सीमांकन के लंबित प्रकरणों पर चिंता व्यक्त करते हुए कलेक्टर द्वारा सभी तहसीलदारों को आगामी 15 मार्च से पूर्व शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए गए। बताया गया कि नगर निगम की सीएम हेल्पलाइन में 40 प्रतिशत शिकायतें सफाई संबंधी हैं। कलेक्टर ने संतुष्टिपूर्वक निराकरण के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि शासन द्वारा सभी विभागों की राज्यस्तरीय रैंकिंग शुरू की गई है, सभी अधिकारी अपने विभाग की राज्य स्तर पर सम्मानजनक रैंकिंग के लिए सतत कार्य करते रहें। प्रभारी सहायक आयुक्त श्री एम.एल. आर्य ने बताया कि जनजाति कार्य विभाग के तहत आवास भत्ता राशि जारी कर दी गई है जिन बैंक खाता नंबरों में त्रुटि है उनको सुधारकर इसी सप्ताह में राशि जारी कर दी जाएगी। आगामी नगरीय निकाय तथा पंचायत निर्वाचन के संदर्भ में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निर्वाचन मोड में आ जाएं। अधिकारी अपने वाहन दुरुस्त अवस्था में रखें, जिन कर्मचारियों की निर्वाचन में ड्यूटी लगे उनको ड्यूटी के लिए अनिवार्य रिलीव करें। मतदान केंद्रों की स्थिति देख ले, वहां तक पहुंच मार्ग का जायजा ले ले।

तेज 9

# द्विव्यांगजन व वृद्धजनों का विधायक सभागृह में डॉक्टरों ने किया परीक्षण

सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम

नगरीय क्षेत्र रतलाम के दिव्यांगजन को उपकरण एवं कृत्रिम अंग तथा वृद्धजनों को सहायक उपकरण प्रदाय किये जाने हेतु 7 मार्च रविवार को विधायक सभागृह में प्रातः 11 बजे से शिविर का आयोजन किया जिसमें 39 दिव्यांगजन व 21 वृद्धजनों का परीक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मिनाक्षी सिंह व एलमेको के डायरेक्टर उमेश झालानी की उपस्थिति में किया गया है।

आयोजित शिविर में उज्जैन से आई एलमेको की 9 सदस्य टीम द्वारा 39 द्विव्यांगजन व 21 वृद्धजनों का परीक्षण किया गया परीक्षण पश्चात पाये गये ऐसे द्विव्यांगजन व वृद्धजन जिन्हे कृत्रिम अंग व उपकरण की आवश्यकता है प्रदान किये जायेंगे। शिविर में अस्थि रोग विशेषज्ञ चन्दन भारतीय, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. भारत वर्मा, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. हितेष गायकवाड़ सहित स्टॉफ द्वारा द्विव्यांगज व वृद्धजनों का परीक्षण किया गया। इस अवसर पर उप संचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्त कल्याण विभाग सुरेन्द्रसिंह चौहान, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी आयुशी पालीवाल, लेखापाल जगदीश पांचाल के अलावा हेमन्त राठौर, दिनेश राठौड, राकेश उपाध्याय सहित द्विव्यांगजन व वृद्धजन उपस्थित थे।

# द्विव्यांगजन व वृद्धजनों का विधायक सभागृह में डॉक्टरों ने किया परीक्षण

रतलाम। नगरीय क्षेत्र रतलाम के दिव्यांगजन को उपकरण एवं कृत्रिम अंग तथा वृद्धजनों को सहायक उपकरण प्रदाय किये जाने हेतु 7 मार्च रविवार को विधायक सभागृह में प्रातः 11 बजे से शिविर का आयोजन किया जिसमें 39 दिव्यांगजन व 21 वृद्धजनों का परीक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मिनाक्षी सिंह व एलमेको के डायरेक्टर उमेश झालानी की उपस्थिति में किया गया है। आयोजित शिविर में उज्जैन से आई एलमेको की 9 सदस्य टीम द्वारा 39 द्विव्यांगजन व 21 वृद्धजनों का परीक्षण किया गया परीक्षण पश्चात पाये गये ऐसे द्विव्यांगजन व वृद्धजन जिन्हे कृत्रिम अंग व उपकरण की आवश्यकता है प्रदान किये जायेंगे। इन्दौर-9

अग्निबाण

कोरोना से रंग में भंग...

# अब होली की गैर पर रोक

## आगामी त्यौहारों का आयोजन कोरोना प्रोटोकॉल के अनुसार होगा

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में दी गई जानकारी

● रतलाम

**रतलाम जिले में आगामी त्यौहारों का आयोजन कोरोना प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाएगा। संक्रमण से आमजन को बचाने के लिए लोगों के भीड़ के रूप में एकत्रीकरण को हतोत्साहित किया जाएगा। यह जानकारी कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में दी गई। कलेक्टर ने बताया कि जिले में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए धारा 144 के तहत प्रतिबंध लागू किए गए हैं। जिले में मास्क उपयोग अनिवार्य करने के लिए सघन अभियान संचालित किया जाएगा।**



कलेक्टर ने बैठक में सदस्यों से कहा कि कोरोना का खतरा बरकरार है। यूएसए तथा यूके से आ रही कोरोना वेव खतरनाक सिद्ध हो सकती है, इसके लिए रोकथाम उपाय आवश्यक है। सभी लोग मास्क का उपयोग करे, सेनेटाइजर और 2 गज की दूरी का पालन करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार, एसडीएम एम.एल.आर्य, अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, शांति समिति सदस्य शैलेंद्र डागा, शहर काजी अहमद अली, प्रदीप उपाध्याय, मनोहर पोरवाल, महेंद्र गादिया, गोविंद काकानी, शरद जोशी, राजेश मूणत, जमील पटेल, एम.एल. नगावत, सलीम आरिफ, अशोक चौटाला, ओमप्रकाश त्रिवेदी आदि उपस्थित थे। त्योहारों के दृष्टिगत कलेक्टर ने बताया कि प्रसादी वितरण नहीं किया जा सकेगा। होली पर गैर नहीं निकलेगी। गोठ का आयोजन नहीं होगा। त्योहारों पर प्रसाद प्रसादी वितरण नहीं होगा। किसी भी प्रकार की धार्मिक यात्रा, जुलुस के लिए अनुमति लेना होगी जिसके लिए परिस्थिति अनुसार प्रशासन विचार करेगा। होलिका दहन पर नवीन स्थल के लिए अनुमति लेना होगी, पुराने स्थलों पर डीजे माइक के लिए अनुमति लेना होगी। बैठक में अपील की गई कि कोरोना से बचाव के लिए लोग रंग नहीं खेलें। सदस्यों द्वारा ध्यानाकर्षण पर पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने सीएसपी श्री चौहान को निर्देशित किया कि शहर में टू व्हीलर पर तीन सवारी अब दिखनी नहीं चाहिए। साथ ही तेज स्पीड में टू व्हीलर चलाने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें, उनको पकड़कर न्यायालयीन कार्रवाई की जाए।

# आगामी त्यौहारों का आयोजन कोरोना प्रोटोकॉल के अनुसार होगा

रतलाम। जिले में आगामी त्यौहारों का आयोजन कोरोना प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाएगा। संक्रमण से आमजन को बचाने के लिए लोगों के भीड़ के रूप में एकत्रीकरण को हतोत्साहित किया जाएगा। यह जानकारी कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में दी गई। कलेक्टर ने बताया कि जिले में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए धारा 144 के तहत प्रतिबंध लागू किए गए हैं। जिले में मास्क उपयोग अनिवार्य करने के लिए सघन अभियान संचालित किया जाएगा।कलेक्टर ने बैठक में सदस्यों से कहा कि कोरोना का खतरा बरकरार है। यूएसए तथा यूके से आ रही कोरोना वेव खतरनाक सिद्ध हो सकती है, इसके लिए रोकथाम उपाय आवश्यक है। सभी लोग मास्क का उपयोग करे, सेनीटाइजर और 2 गज की दूरी का पालन करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार, एसडीएम एम.एल. आर्य, अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, शांति समिति सदस्य शैलेंद्र डागा, शहर काजी अहमद अली, प्रदीप उपाध्याय, मनोहर पोरवाल, महेंद्र गादिया, गोविंद काकानी, शरद जोशी, राजेश मूणत, जमील पटेल, एम.एल. नगावत, सलीम आरिफ, अशोक चौटाला, ओमप्रकाश त्रिवेदी आदि उपस्थित थे। त्योहारों के दृष्टिगत कलेक्टर ने बताया कि प्रसादी वितरण नहीं किया जा सकेगा। होली पर गैर नहीं निकलेगी। गोठ का आयोजन नहीं होगा। त्योहारों पर प्रसाद प्रसादी वितरण नहीं होगा।

नवप्रिया

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ 03... दिनांक 10/03/...2021

# पाइप लाइन फूटी, गोशाला रोड टंकी से 11 घंटे, पोलोग्राउंड टंकी से 13 घंटे देर से हुई जलापूर्ति



हाट रोड पर लाइन के फूटे पाइप को बदलते निगमकर्मी।

## क्रैक हुए पाइप को बदलने में लग गए 12 घंटे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मंगलवार को लगभग आधे शहरवासियों को पानी सुबह की बजाय शाम को मिला। वजह हाट रोड से गुजर रही 400 एमएम की पाइप लाइन का फूटना रहा।

पोलोग्राउंड टंकी में 4 मीटर पानी भरा था। इससे सुबह शेरानीपुरा, हाकिमवाड़ा जोन में सप्लाई दे दी गई। बाकी दो जोन आनंद कॉलोनी, रामबाग व प्रतापनगर, समता नगर आदि में 13 घंटे देर से शाम 7 बजे पानी दिया गया। गोशाला टंकी की सप्लाई प्रभावित रही। टंकी नहीं भरा पाने से इससे जुड़े लोहार रोड, तोपखाना, माणकचौक, टाटा नगर, हाट रोड, वेदव्यास कॉलोनी, धानमंडी, माणकचौक में 11 घंटे देर से 5 से 8 बजे के बीच पानी छोड़ा।

## पूरा 20 फीट का पाइप ही बदलना पड़ा

भारी वाहन के गुजरने के कारण हाट रोड से गुजर रही लाइन का 20 फीट का पूरा पाइप ही फूट गया। जलप्रदाय अमला जेसीबी के साथ पहुंचा और खुदाई शुरू कर दी। इसमें पाइप कई जगह से क्रैक निकला। ठीक करने के बजाए इसे पूरा बदलना पड़ा। इसमें रात भर हो गई। सुबह 8 बजे लाइन दुरुस्त होने के बाद मोरवानी फिल्टर प्लांट के पंप चालू कर टंकियां भरीं।

**आज भी देरी से बंटने की संभावना:** पोलोग्राउंड और गोशाला टंकियां खाली हो गई हैं। इन्हें भरने में 12 से 15 घंटे लगेंगे। इस कारण बुधवार सुबह सप्लाई दो से तीन घंटे देरी से होने की संभावना है। जलप्रदाय अमले का दावा है कि रातभर में टंकी भरकर बुधवार को टंकियों से शेड्यूल के अनुसार सप्लाई देंगे।

भास्कर

# नगर पालिक निगम ने किए विभिन्न कार्यक्रम

रतलाम ● स्वदेश समाचार

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर नगर पालिक निगम ने महिलाओं के सम्मान में अनेक आयोजन किए। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश और मार्गदर्शन में सुबह जहां एक और स्वच्छता दौड़ में सैकड़ों खिलाड़ियों ने नगर के प्रमुख मार्गो पर स्वच्छता का संदेश दिया वहीं शाम को नारी शक्ति के सम्मान को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर रैग पिकर्स सहित यहां मौजूद हिलाओं को आदरपूर्वक सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दिए उद्बोधन का सीधा प्रसारण नगर निगम सभागृह में किया गया जिसे निगम अधिकारी, कर्मचारी, सफाई संरक्षक, स्व-सहायता समूह व रैग पिकर्स महिलाओं ने देखा व सुना। नगर निगम सभागृह में सोमवार शाम नारी शक्ति के सम्मान में विशेष आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छता दीदी, रैग पिकर्स, महिला अधिकारी, कर्मचारी और सफाई संरक्षक बहने मौजूद रहीं। श्री झारिया ने कहा कि जहां नारी होती है वहां अनुशासन रहता है। आज की नारी किसी भी कार्य को करने में पीछे नहीं रहती है। अगर वो ठान ले तो पहाड़ से भी रास्ता निकाल सकती है।

कार्यक्रम में पधारे अशोक वाल्मीकि अनंत (पूर्व सदस्य राज मंत्री दर्जा प्राप्त) राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ (ट्रेड यूनियन) ने मौजूद महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाओं का योगदान सड़क की सफाई से लेकर आसमान में उड़ने वाले हवाई जहाज तक है। महिलाएं अपने अधिकारों को पहचाने, हक के लिए आगे और सामाजिक कुरितियों का त्याग कर शिक्षा से करीब का नाता रखे।

## महिलाओं को सम्मानित किया गया

नारी सम्मान के लिए आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता दीदी, रैग पिकर्स, स्वयं सहायता समूह की सदस्यों और निगम कर्मी महिलाओं का सम्मान प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। रैग पिकर्स महिलाओं को कचरा पृथ्कीकरण के दौरान उपयोग में आने वाले सुरक्षा साधन एप्रीन, गम बूट, कैप, हैण्डगलब्स, साड़ी आदि का वितरण किया गया।

## दौड़ कर बताया स्वच्छता का महत्व

सुबह शहर के साइंस एण्ड ऑर्ट्स कॉलेज मैदान में मैराथन दौड़ का आयोजन रखा गया जिसमें शामिल सैकड़ों खिलाड़ियों ने दौड़ कर शहर के विभिन्न मार्गो पर नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर पृष्ठ 01 दिनांक 10/03/2021

**स्वच्छ सर्वेक्षण शुरू** • गार्बेज फ्री सिटी में निगम का अमला अलर्ट लेकिन टीम कहां सर्वे कर रही किसी को पता नहीं

# फाइव स्टार रेटिंग की हकीकत जानने पहुंची क्यूसीआई टीम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सफाई की परीक्षा शुरू हो गई है। सोमवार को स्वच्छ सर्वेक्षण में होने वाले गार्बेज फ्री सिटी (जीएफसी) स्टार रेटिंग का सर्वे करने क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (क्यूसीआई) टीम पहुंच गई है।

नगर निगम ने फाइव स्टार रेटिंग का दावा किया है। अब टीम फाइव स्टार रेटिंग के मापदंडों के अनुसार शहर के अलग-अलग इलाकों में जाकर हकीकत देखेगी। इसकी मॉनिटरिंग भी सीधे दिल्ली से की जा रही है। वहां से लोकेशन मिलने के बाद टीम ने सोमवार को तीन से चार इलाकों में सर्वे भी कर लिया है। निगम के अफसर हालांकि अभी तक अनजान बने हुए हैं। बीते साल भी निगम ने फाइव स्टार रेटिंग का दावा किया था।

## फाइनल सर्वे करने अलग से आएगी टीम

शहर को अच्छे नंबर दिलवाना चाहते हैं तो सारे शहरवासी अलर्ट हो जाएं क्योंकि फाइनल सर्वे की समय सीमा भी शुरू हो गई है। यह सर्वे भी क्यूसीआई की टीम करेगी जो जिले में आ चुकी है।

## ...तो दोबारा होगा सर्वे

खास यह इस बार सभी सर्वेक्षण नगर निगम को बिना बताए हो रहा है। निगमकर्मियों को टीम के आने का पता तो नहीं चल गया था। इसका वेरिफिकेशन करने सर्वे के बाद एक टीम फिर आएगी।

## नगर निगम की तैयारी : कचरा संग्रहण बढ़ाया, कचरा स्थान भी खत्म किए

- **सिटीजन वाइस** - अब तक वोटर फोर सिटी एप से 37250, एसएस पोर्टल से 25300 और 1969 टोल फ्री नंबर से 48 लोग फीडबैक दे चुके। टारगेट 90 हजार का है।
- **कचरा संग्रहण** - 49 वार्ड में 53 कचरा कलेक्शन वाहनों से रोजाना करीब 85 टन कचरा एकत्र हो रहा। इसमें से 72% की कंपोस्टिंग व लगभग 34 टन सूखे कचरे की मटेरियल रिकवरी फेसेलिटी हो रही है।
- **स्थान खत्म** - सड़कों के किनारे बने 58 से ज्यादा अघोषित कचरा स्थान को खत्म कर दिया है। इनकी जगह कचरा वाहन खड़ा करके, जागरूकता के लिए रंगोली बनाई जा रही।
- **निपटान** - ट्रेंचिंग ग्राउंड में गीले कचरे से खाद बनना शुरू हो गई है। चार वार्ड को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया है।
- **मॉनिटरिंग** - रूट के विपरीत वाहन चलाने पर 17 ड्राइवरों पर कार्रवाई हो चुकी है।
- **जागरूकता** - रंगोली, वॉल पेंटिंग और कार्यक्रम कर विद्यार्थियों और रहवासियों को स्वच्छता अभियान से जोड़ा जा रहा। स्वच्छता की शपथ भी दिलाई जा रही।

## ये कमजोरी बिगाड़ सकती है हमारे शहर की स्वच्छता रैंकिंग

- 6 से 7 कचरा कलेक्शन वाहन खराब पड़े हैं, इसलिए 3 से 4 टन कचरा कम उठ पा रहा है।
- 50 बड़े डस्टबिन सार्वजनिक स्थानों पर पिछले साल लगाए गए थे, इस साल अभी तक नहीं लग पाए हैं।
- 100% सेग्रिगेशन नहीं हो पा रहा।
- 70 सुलभ व सामुदायिक शौचालयों में से मुख्य सड़कों पर स्थित शौचालयों की ही नियमित सफाई हो रही, जबकि टीम अंदरुनी इलाकों में भी जाएगी।
- मैदानी अफसरों की कमजोरी के कारण सफाई कर्मचारियों की बिना बताए गैर हाजिर रहने की प्रवृत्ति है।

*स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए टीम कभी भी आ सकती है। मापदंडों के अनुसार सारी तैयारी की है। पूरी उम्मीद है कि बीते साल से अच्छी रैंकिंग बनेगी।*

**सोमनाथ झारिया,**
कमिश्नर